संख्या-50/2023/669-2395822/2023/12-5099/73/2023

प्रेषक,

राजीव श्रीवास्तव,

विशेष सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

कृषि निदेशक,

उ0प्र0, लखनऊ।

**कृषि अनुभाग-5** **लखनऊः दिनांकः 12 मई, 2023**

विषयः- प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलम्बन (एग्रीजंक्शन) योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 की कार्ययोजना की प्रशासनिक स्वीकृति के संबंध में।

महोदय,

उल्लेखनीय है कि कृषि में प्रशिक्षित युवाओं की सेवाओं का उपयोग कृषक हित में करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलम्बन (एग्रीजंक्शन) योजना संचालित है। योजना का उद्देश्य किसानों को उनके फसल उत्पादों के लिए कृषि केन्द्र (एग्रीजंक्शन) के बैनर तले समस्त सुविधायें ''वन स्टाप शॉप'' के माध्यम से उपलब्ध कराया जाना है, साथ ही बेरोजगार कृषि स्नातकों को रोजगार का अवसर प्राप्त हो सकेगा।

**2-** सम्यक विचारोपरान्त मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रदेश में संचालित प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलम्बन (एग्रीजंक्शन) योजना को वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 3011 एग्रीजंक्शन केन्द्र स्थापित करने के लक्ष्य हेतु संचालित किये जाने हेतु निम्नानुसार श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

**3- <u>योजना के मुख्य बिन्दु निम्नवत् है</u> :-**

**<u>प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलम्बन योजना (एग्रीजंक्शन) की वर्ष 2023-24 की कार्ययोजना</u>**

**योजना का नाम - प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलम्बन (एग्रीजंक्शन) योजना**

**1.संक्षिप्त रूप रेखा:-**

कृषि में प्रशिक्षित युवाओं की सेवाओं का उपयोग कृषक हित में करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलम्बन (एग्रीजंक्शन) योजना संचालित है। योजना का उद्देश्य किसानों को उनके फसल उत्पादों के लिए कृषि केन्द्र (एग्रीजंक्शन) के बैनर तले समस्त सुविधायें ''वन स्टाप शॉप'' के माध्यम से उपलब्ध कराया जाना है। साथ ही बेरोजगार कृषि स्नातकों को रोजगार का अवसर प्राप्त हो सकेगा।

इन एग्रीजंक्शन (वन स्टाप शॉप) केन्द्रों के माध्यम से निम्न सेवाओं को एक छत के नीचे उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था की जायेगी:-

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

- उच्च गुणवत्ता के बीज, उर्वरक, जैव उर्वरक, माइक्रोन्यूट्रियन्ट्स, वर्मी कम्पोस्ट, कीटनाशक तथा जैव कीटनाशकों सहित समस्त कृषि निवेशों की आपूर्ति।
- प्रसार सेवाये तथा कृषि प्रक्षेत्र निर्देशन।
- मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर संस्तुत उर्वरक एवं खाद की संतुलित मात्रा के बारे में किसानों को मार्ग-दर्शन देना।
- लघु कृषि-यंत्रों को किराये पर उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था।
- नवीन तकनीकी की जानकारी।
- विभिन्न कृषि योजनाओं जैसे प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना आदि के सम्बन्ध में परामर्शी सेवाएं दिए जाने एवं प्रचार हेतु एग्रीजंक्शन केन्द्रों पर LCD/ AV Aids के लगाये जाने की व्यवस्था।

उक्त के अतिरिक्त एग्रीजंक्शन केन्द्रों द्वारा कृषि उपकरणों की मरम्मत तथा अनुरक्षण पशु आहार, कृषि उत्पादों एवं प्रसंस्कृत कृषि उत्पादों की बिक्री मौसम/विपणन व अन्य सम्बन्धित सूचनायें उपलब्ध कराने जैसे कार्य भी किये जायेंगे।

**2. कार्य क्षेत्रः-** प्रदेश के समस्त 75 जनपद।

**3. अनुमन्य सुविधायें-**

I. एग्रीजंक्शन की स्थापना हेतु चयनित लाभर्थियों को उद्यम स्थापना एवं संचालन हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण।

II. एग्रीजंक्शन स्थापना के लिए बैंकों से ऋण प्राप्त करने में सहायता तथा 7.5 प्रतिशत की दर से ऋण पर ब्याज अनुदान की व्यवस्था है। यह अनुदान बैंक की बैक इन्डेड सब्सिडी के रूप में रखा जायेगा तथा वर्ष की समाप्ति पर ऋणी के खाते में क्रेडिट कर दिया जायेगा।

III. एक वर्ष तक के लिए परिसर के किराये के 50 प्रतिशत की धनराशि जो रूपया 1000/- प्रतिमाह से अधिक न हो।

IV. कृषि व्यवसाय गतिविधियों के लिए लाइसेन्स प्राप्त करने में सहायता तथा लाइसेन्स फीस के व्यय की प्रतिपूर्ति निम्न विवरण के अनुसार की जायेगीः-

**(अ)** बीज लाइसेंस शुल्क हेतु (रूपये 1000/- प्रति केन्द्र)

**(ब-1)** उर्वरक लाइसेंस शुल्क बुन्देलखण्ड क्षेत्र हेतु (रूपये 625/-प्रति केन्द्र)

**(ब-2)** उर्वरक लाइसेंस शुल्क सामान्य क्षेत्र हेतु (रूपये 1250/-प्रति केन्द्र)

**(स-1)** कीटनाशी लाइसेंस शुल्क शहरी क्षेत्र हेतु (रूपये 7500/-प्रति केन्द्र)

**(स-2)** कीटनाशी लाइसेंस शुल्क ग्रामीण क्षेत्र हेतु (रूपये 1500/-प्रति केन्द्र)

कीटनाशी लाइसेंस शुल्क की प्रतिपूर्ति हेतु प्रत्येक जनपद में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र का अनुपात 75:25 रखा गया है, फिर भी स्थानीय आवश्यकता के अनुरूप लाइसेंस मद हेतु ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के केन्द्रों के निर्धारित लक्ष्यों में परिवर्तन किया जा सकेगा तथा तदनुसार आवंटित धनराशि का उपयोग जनपदीय उप कृषि निदेशक द्वारा किया जायेगा।

V. एग्रीजंक्शन उद्यमियों के लिए अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु अन्य योजनाओं से अभिसरण।

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

**4. भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य:-**

प्रदेश की सभी विकास खण्डों एवं तहसील मुख्यालयों पर स्थापित "वन स्टॉप शॉप" पर किसान गुणवत्तायुक्त कृषि निवेश एवं कृषि प्रक्षेत्र निर्देशन प्राप्त कर सकेंगे। इसी के साथ युवा कृषि स्नातक स्वरोजगार के लिए सक्षम होंगे।

वर्ष 2023-24 में प्रदेश के समस्त जनपदों में 2311 एग्रीजंक्शन केन्द्रों की स्थापना का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें राज्य सरकार द्वारा प्रति एग्रीजंक्शन केन्द्र की स्थापना हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार सहायता प्रदान की जाएगी : -

| क्र सं0 | कार्य विवरण | धनराशि ( रू0 में) |
|---|---|---|
| 1 | ऋण सीमा की धनराशि रूपये 5.00 लाख पर अग्रिम ब्याज अनुदान अधिकतम् प्रति केन्द्र रू0 60,000(बैंक इन्डेड सब्सिडी के रूप में वर्तमान ब्याज दर में) परियोजना पर बैंक ऋण स्वीकृति रू0 5.00 लाख से कम होने की दशा में अग्रिम ब्याज अनुदान (बैंक इन्डेड सब्सिडी) तदनुसार अनुपातिक रूप से कम होगा। | 60,000 |
| 2 | परिसर किराया 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम् रूपये 12000/- किराया (अधिकतम् रू0 1000/-प्रतिमाह की दर से केवल प्रथम वर्ष के लिए) | 12,000 |
| 3 | निवेशों पर निर्गत किए जाने वाले लाइसेन्स शुल्क की प्रतिपूर्ति<br>कृषि निवेशवार लाइसेन्स शुल्क प्रतिपूर्ति का विवरणः-<br>1. बीज लाइसेन्स शुल्क हेतु (रूपयें 1000/-प्रति केन्द्र)<br>2. i) उर्वरक लाइसेन्स बुन्देलखण्ड क्षेत्र के प्रस्तावित शुल्क (रूपयें 625/- प्रति केन्द्र)<br>ii) उर्वरक लाइसेन्स सामान्य क्षेत्रों में प्रस्तावित केन्द्रों हेतु शुल्क (रूपये 1250/-प्रति केन्द्र)<br>3. i) कीटनाशी रसायन लाइसेन्स शहरी क्षेत्रों में प्रस्तावित केन्द्रों हेतु शुल्क (रू0 7500/-प्रति केन्द्र)<br>ii) कीटनाशी रसायन लाइसेंस ग्रामीण क्षेत्रों में प्रस्तावित केन्द्रों हेतु शुल्क (रूपये 1500/-प्रति केन्द्र) | 5,250 |
| 4 | 13 दिवसीय प्रशिक्षण के आयोजन, विज्ञापन, स्टेशनरी कार्यालय के अन्य विविध व्यय रू0 8200 प्रति केन्द्र (प्रशिक्षण व्यय @ रू0 400/ लाभार्थी /प्रति दिन, 13 दिन हेतु कुल रू0 5200 + अन्य व्यय रू0 3000) | 8,200 |
| **योग** | | **85,450** |

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

वित्तीय वर्ष 2023-24 में 2311 एग्रीजंक्शन केन्द्रों की स्थापना के भौतिक लक्ष्य हेतु कुल धनराशि रूपया- 1975/- लाख व्यय किया जाना है। वर्ष 2023-24 हेतु निर्धारित भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यों का जनपदवार फांट संलग्नक-1 में दिया गया है।

इसके अतिरिक्त वित्तीय वर्ष 2022-23 की स्वीकृत कार्ययोजना के लक्ष्यों के सापेक्ष प्राप्त पूर्ति के उपरांत अवशेष भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यों का जनपदवार एवं मदवार विवरण संलग्नक-2 में दिया गया है, जिसकी पूर्ति भी वर्ष 2023-24 में की जाएगी।

इस प्रकार वर्ष 2023-24 हेतु कुल कार्य योजना का आकार निम्नवत होगा :-

| **क्र0 सं0** | **वर्ष** | **भौतिक लक्ष्य (संख्या में)** | **वित्तीय लक्ष्य (लाख रुपये में)** |
|---|---|---|---|
| 1 | 2023-24 | 2311 | 1975.00 |
| 2 | 2022-23 के अवशेष लक्ष्य जिसे वर्ष 2023-24 में पूर्ण किया जाना है । | 700 | 534.85 |
| | **कुल योग** | **3011** | **2509.85** |

इस प्रकार वर्ष 2023-24 में प्रदेश में कुल 3011 एग्रीजंक्शन केन्द्रों की स्थापना का भौतिक लक्ष्य है जिस हेतु कुल धनराशि रूपया- 2509.85 लाख व्यय किया जाना है। प्रदेश हेतु कुल निर्धारित भौतिक लक्ष्य की सीमान्तर्गत अंतर्जनपदीय लक्ष्य परिवर्तन कृषि निदेशक, उत्तर प्रदेश के अनुमोदन से किया जा सकेगा। यह योजना नाबार्ड के परामर्श एवं प्रदेश में कार्यरत सहकारी बैंक/अन्य सार्वजनिक क्षेत्र की समस्त बैंकों के माध्यम से क्रियाशील की जायेगी।

**5. योजना का क्रियान्वयन:-** वित्तीय वर्ष 2023-24 में योजना का क्रियान्वयन शासनादेश संख्या-11/2023/127/12-5-2023-ब0-06/2017 दिनॉक 31 जनवरी, 2023 **(संलग्नक-3)** के अनुसार किया जायेगा। योजना के क्रियान्वयन हेतु प्रमुख बिन्दु निम्नवत् हैं:-

**(i) एग्रीजंक्शन हेतु पात्रता:-** उत्तर प्रदेश में निवास करने वाले कृषि स्नातक/कृषि व्यवसाय प्रबन्धन स्नातक/स्नातक जो कृषि एवं सहबद्ध विषयों यथा - उद्यान, पशुपालन, वानिकी, दुग्ध, पशुचिकित्सा, मुर्गी पालन एवं इसी तरह की गतिविधियां जो किसी राज्य/केन्द्रीय विश्वविद्यालय या किसी अन्य विश्वविद्यालयों से डिग्रीधारी हैं, जो आई0सी0ए0आर0/यू0जी0सी0 द्वारा मान्यता प्राप्त हों, पात्र होंगे।

इसके अतिरिक्त उपरोक्त के अनुपलब्ध होने पर अनुभव प्राप्त डिप्लोमाधारी/कृषि विषय में इन्टरमीडिएट योग्य प्रार्थी पर भी विचार किया जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

**(ii) चयन प्रक्रिया:-** उत्तर प्रदेश में निवास करने वाले कृषि में प्रशिक्षित युवाओं का चयन जिला स्तरीय गठित समिति द्वारा आवेदकों द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्रों की छंटनी (Screening) के उपरान्त किया जायेगा। इस समिति में मजिस्ट्रेट / मुख्य विकास अधिकारी, उप निदेशक (कृषि विभाग), एल0डी0एम0 एवं सचिव/मुख्य कार्यपालक अधिकारी, जिला सहकारी बैंक लि0 सदस्य होंगे। अन्य विभागों से सम्बन्धित प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जा सकता है।

**जिला स्तर पर निम्न समिति का गठन किया जायेगा:-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी | - | **अध्यक्ष** |
| 2. | उप कृषि निदेशक | - | सदस्य/सचिव |
| 3. | एल0डी0एम0 एवं सचिव | - | सदस्य मुख्य कार्य पालक अधिकारी |
| 4. | जिला सहकारी बैंक लिमिटेड | - | सदस्य |

चयन की प्रक्रिया जनपद में गठित समिति द्वारा पारदर्शी ढंग से की जाय। इस हेतु समिति द्वारा एक निर्धारित समय-सीमा में आवेदन पत्र प्राप्त करते हुए शासनादेश में आयु सीमा के मानक के दृष्टिगत चयन सुनिश्चित किया जाय। इसके साथ ही पारदर्शी प्रतीक्षारत सूची भी श्रेणीबद्ध की जाएगी।

जनपद में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 50 प्रतिशत अधिक लाभार्थियों का चयन किया जाय, जिससे कि अपरिहार्य परिस्थितियों में भी जनपदीय लक्ष्य की प्रतिपूर्ति शत-प्रतिशत की जा सके। चयन के उपरान्त लाभार्थी शपथ पत्र प्रस्तुत करेगें **(संलग्नक-4),** जिसमें यह घोषणा होगी कि तीन वर्ष तक उनके द्वारा "वन स्टाप शॉप" का संचालन किया जायेगा अन्यथा की स्थिति में कृषि विभाग की समस्त योजनाओं से उन्हें प्रतिबन्धित (ब्लैकलिस्ट) कर दिया जायेगा तथा उन पर किये गये व्यय की विभाग द्वारा वसूली होगी। चयनित लाभार्थी द्वारा शपथ पत्र प्रस्तुत न करने की स्थिति में प्रतीक्षा सूची के लाभार्थियों को अवसर दिया जायेगा।

**(iii) वर्ष 2022-23 की कार्ययोजना अंतर्गत जनपद स्तारीय समिति द्वारा चयन हेतु अनुसंशित अभ्यर्थियों एवं प्रतीक्षा सूची में रखे गये समस्त अभ्यर्थियों को भी सम्मिलित करते हुए नियमानुसार चयन की कार्यवाही की जाएगी ।**

**(iv) आयु :-** 40 वर्ष से अनधिक, अनुसूचित जाति/ जनजाति/महिलाओं को 05 वर्ष की छूट अधिकतम। पात्र अभ्यार्थियों में , जिनकी जन्मतिथि पहले हो, उन्हें वरीयता दी जाएगी ।

**(v) प्रति एग्रीजंक्शन कुल न्यूनतम प्रोजेक्ट लागत:-** रू0 6.00 लाख

**(vi) ऋण सीमा:-** रू0 5.00 लाख

**(vii) मार्जिन मनी:-** रू0 1.00 लाख (प्रोजेक्ट लागत का 17.00 प्रतिशत) ऋणी आवेदक द्वारा अभिदान किया जायेगा। प्रशिक्षित कृषि उद्यमी कृषि निवेशो की आपूर्ति एवं अन्य क्रिया कलापों के लिए अनुमन्य अनुदान प्राप्त करने के लिए मान्य होंगे । योजना का उद्देश्य क्रेडिट निवेश दर को बढ़ावा देकर उत्तर प्रदेश में कृषि पूंजी सृजित करना ताकि **"वन स्टाप शॉप"** के स्थापना से कृषको को लाभान्वित किया जा सके ।

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

(vii) **ऋण वितरण:-** प्रशिक्षण अवधि पूर्ण करने के उपरान्त ।

(viii) **लाक इन पीरियड:-** 36 माह (7.5 % अग्रिम ब्याज अनुदान की धनराशि 03 वर्षो के प्रस्तावित कार्य हेतु बैक इन्डेड सब्सिडी के रूप में अधिकतम रूपये 60,000/- की सीमा तक दी जाएगी, परन्तु लाभार्थी द्वारा ऋण खाता 03 वर्ष से पूर्व बन्द नहीं किया जायेगा)। ऋण स्वीकृति रूपये 5.00 लाख से कम होने की दशा में अग्रिम ब्याज अनुदान (बैक इन्डेड सब्सिडी) तदनुसार अनुपातिक रूप से कम होगा ।

(ix) **परियोजना अवधि:-** परियोजना पूर्ण होने की अवधि तक बैंक द्वारा ऋण की प्रथम क़िस्त अवमुक्त/ वितरण होने के पश्चात 6 माह होगी, जिसे ऋण स्वीकर्ता बैंक द्वारा समुचित कारण इंगित किये जाने की दशा में अधिकतम 3 माह तक और बढ़ाया जा सकेगा।

(x) **डाक्यूमेन्टेशन:-** बैंक में लागू डायरेक्ट एग्री सिग्मेन्ट अग्रिम के अनुसार।

(xi) **पुनर्भुगतान:-** 03 माह के मोरैटोरियम अवधि को सम्मिलित करते हुए 36 से 60 माह में किया जायेगा । पुनर्भुगतान शेड्यूल, ऋण की सम्पूर्ण धनराशि के सापेक्ष इस प्रकार निर्धारित किया जायेगा कि सब्सिडी की धनराशि का समायोजन शुद्ध ऋण की धनराशि की भरपाई (liquidation) के पश्चात हो ।

(xii) यदि परियोजना निर्धारित अवधि में पूर्ण नहीं की जाती है तो अनुदान (subsidy) की धनराशि अनुमन्य नहीं होगी और यदि कोई अनुदान की धनराशि बैंक को दी गयी है तो वह सम्बंधित उप कृषि निदेशक को बैंक द्वारा वापस किये जाने की बाध्यता होगी तथा वापस होने वाली अनुदान की धनराशि उप कृषि निदेशक द्वारा राजकोष में जमा की जाएगी ।

(xiii) सम्बंधित बैंक परियोजना अंतर्गत सृजित परिसंपत्तियों का बीमा भी सुनिश्चित कराएँगे ।

(xiv) ऋण प्रदान करने वाले बैंक द्वारा निर्धारित अवधि में या समय-समय पर औचक निरीक्षण कर बैक एन्डेड सब्सिडी हेतु उद्यमी की पात्रता की पुष्टि करनी होगी एवं विभाग को इसकी रिर्पोर्ट भी प्रेषित की जाएगी। बैंक द्वारा तीन साल के लाक-इन अवधि के अंत में एक Consolidated रिर्पोर्ट तैयार कर विभाग को भेजी जाएगी ।

(xv) बैक एन्डेड सब्सिडी के रूप में प्राप्त होने वाली धनराशि को बैंक द्वारा "Subsidy Reserve fund Account" में रखा जायेगा तथा इस पर कोई भी ब्याज नहीं लिया जाएगा। उद्यमी का लोन खाता अलग संचालित किया जाएगा।

6. **प्रशिक्षण एण्ड हैण्ड होल्डिंग:-** चयनित आवेदकों को योजनान्तर्गत प्राविधानित धनराशि से प्रशिक्षण, राज्य कृषि प्रबन्ध विस्तार प्रशिक्षण संस्थान (समेती, रहमानखेड़ा, लखनऊ/आर-सेटीज) द्वारा कम से कम 13 दिन का ग्रामीण व्यवसाय विकास योजना (आर0ई0डी0पी0) का प्रशिक्षण प्रदान कराया जायेगा। चयनित लाभार्थियों को दिये जाने वाले 13 दिवसीय प्रशिक्षण हेतु विषय वस्तु **(संलग्नक-5)** पर उपलब्ध है।

7. **योजना का वित्त पोषण:-** योजना राज्य सरकार द्वारा वित्त पोषित की जाएगी।

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

**8. प्रशिक्षित उद्यमियों के कर्तव्य एवं दायित्व:-** एग्रीजंक्शन उद्यमी अपने क्षेत्र के किसानों को गुणवत्तायुक्त कृषि निवेश आपूर्ति के साथ-साथ नवीनतम् कृषि तकनीकी और विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार करेंगे। विभाग द्वारा संचालित मेला, गोष्ठी एवं अन्य कार्यक्रमो में प्रतिभाग करेंगे और कृषि विभाग के प्रसार कार्यकर्ताओं को उनके कार्य में सहयोग प्रदान करेंगे। समय-समय पर कृषि विभाग के सहयोग से अपने ज्ञान को समुन्नत करते हुए स्वयं को तकनीकी रूप से दक्ष बनाये रखेंगे।

**9. योजना का अभिसरण:-** एग्रीजंक्शन केन्द्रों को कृषि के विविध आयामों से युक्त, सुदृढ़ और अधिक प्रभावी बनाने के लिए इस योजना का अभिसरण अन्य योजनाओं के अनुमन्य प्राविधानो और प्रचलित दिशा-निर्देशों में अनुमन्यता के अधीन किये जाने हेतु प्रयास किया जायेगा। ताकि इस योजना के लाभार्थियों के लिए यह उद्यम आर्थिक रूप से सफल सिद्व हो सके। उदाहरण स्वरूप कृषि विभाग की कतिपय योजनाओं से इनका अभिसरण किया जा सकता है। जैसे-

क- एग्रीजंक्शन केन्द्रों को कृषि यंत्रीकरण योजनाओं के अर्न्तगत् कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापना हेतु चयन में प्राथमिकता दी जाये।

ख- एग्रीजंक्शन केन्द्र स्थापना उपरान्त यदि लाभार्थी द्वारा एग्रीजंक्शन केन्द्र को समिति के रूप में पंजीकृत करा लिया जाता है अथवा उनके द्वारा समूह गठित कर कृषि सम्बन्धी क्रिया-कलाप संचालित किये जाते हैं तो उन्हें फार्म मशीनरी बैंक अर्न्तगत लाभान्वित किया जाये।

ग- एन0एफ0एस0एम0 योजनान्तर्गत् फार्म स्टोरेज रूम/स्ट्रक्चर (50मै0टन क्षमता) हेतु अनुदान सुविधा (लागत का 50 प्रतिशत अथवा रू0-3.34 लाख जो भी कम हो) देकर स्थानीय स्तर पर भण्डारण क्षमता का विकास।

घ- एन0एफ0एस0एम0 योजनान्तर्गत् छोटी प्रसंस्करण इकाईयों (मिनी राइस मिल, दाल मिल, ऑयल एक्सपेलर आदि) पर देय अनुदान सुविधा उपलब्ध कराते हुए स्थानीय स्तर पर प्रसंस्करण सुविधा के माध्यम से मूल्य संवर्द्धन कर कृषकों की आय में वृद्वि।

ड़- मॉडल के रूप में विकसित एग्रीजंक्शन केन्द्रों को कृषकों के भ्रमण/प्रशिक्षण हेतु उपयोग में लाया जाये तथा ऐसे एग्रीजंक्शन के लाभार्थियों को रिर्सोस परसन/अग्रणी कृषक/प्रचार-प्रसार कार्यकर्ता के रूप में उपयोग किया जाये।

**10. प्रगति प्रेषण:-** प्रत्येक जनपद का मासिक भौतिक एवं वित्तीय प्रगति विवरण सम्बन्धित उप कृषि निदेशक द्वारा माह की 5वीं तारीख तक निर्धारित रूप पत्र-अ एवं ब **(संलग्नक-6)** पर वर्ष 2022-23 एवं वर्ष 2023-24 के निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष वर्षवार अलग-अलग प्रसार अनुभाग को उपलब्ध कराया जायेगा।

**11. टाइम लाइन :-**

जनपदों के कार्य योजना निर्गमन के पश्चात विभन्न कार्य मदों /क्रियाकलापों को निम्न टाइम लाइन अनुसार सम्पादित / क्रियान्वित करते हुए 6 माह के अन्दर एग्रीजंक्शन की स्थापना करायी जानी होगी।

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

| क्र.सं. | क्रियाकलाप | टाइमलाइन |
|---|---|---|
| 1 | योजना का प्रचार-प्रसार एवं विज्ञापन | स्वीकृत कार्ययोजना के जनपदों को निर्गमन के अधिकतम एक माह के अंदर। |
| 2 | लाभार्थी चयन | एक माह |
| 3 | लाभार्थी प्रशिक्षण (13 दिवसीय) | अधिकतम 15 दिवस |
| 4 | कृषि निवेश लाइसेंस निर्गमन | अधिकतम 15 दिवस |
| 5 | डी0पी0आर0 तैयारी बैंक को प्रेषण एवं स्वीकृति | अधिकतम एक माह |
| 6 | ऋण वितरण | अधिकतम एक माह |
| 7 | एग्रीजंक्शन स्थापना एवं संचालन | अधिकतम एक माह |

**12. योजना का क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण:-** योजना के क्रियान्वयन का पूर्ण उत्तरदायित्व जनपद स्तर पर उप कृषि निदेशक का होगा तथा मण्डल स्तर पर संयुक्त कृषि निदेशक इसके पर्यवेक्षण हेतु पूर्ण रूप से जिम्मेदार होंगे। उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी क्षेत्रीय स्थल पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करायेंगे। योजना के सफल संचालन हेतु राज्य स्तर पर अपर कृषि निदेशक (प्रसार) योजना के नियंत्रण अधिकारी होंगे।

कृपया तद्नुसार योजना का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,
राजीव श्रीवास्तव
विशेष सचिव।

**संख्या एवं दिनांक यथोक्त।**

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- कृषि उत्पादन आयुक्त, उत्तर प्रदेश शासन,
2- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन,
3- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, वित्त विभाग, उत्तर प्रदेश शासन,
4- स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन,
5- समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश,
6- समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश,
7- वित्त नियंत्रक, कृषि विभाग, कृषि निदेशालय, लखनऊ,
8- अपर कृषि निदेशक (प्रसार) , कृषि विभाग, कृषि निदेशालय, लखनऊ,
9- समस्त मण्डलीय संयुक्त कृषि निदेशक जनपदीय/उप कृषि निदेशक, उत्तर प्रदेश,

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

10- सहायक निदेशक(कम्प्यूटर एवं समन्वय), कृषि विभाग, कृषि निदेशालय, लखनऊ को पोर्टल पर व्यवस्था करने हेतु,

11- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
राजीव श्रीवास्तव
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

संलग्नक-1

"प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलम्बन योजना" हेतु जनपदवार प्रस्तावित भौतिक/वित्तीय लक्ष्य (वर्ष 2023–24)

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | जनपदवार कुल विकास खण्डों की संख्या | जनपदवार चयनित विकास खण्डों में उद्यमिता केन्द्रों की स्थापना हेतु वर्ष 2023–24 के भौतिक लक्ष्य | जनपदवार उद्यमिता केन्द्रों की स्थापना हेतु भौतिक (इकाई)/वित्तीय लक्ष्य (धनराशि लाख रू0 में) | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | ऋण पर अनुदान प्रति केन्द्र (अधिकतम ऋण अनुदान की धनराशि (रू0 60000/– तीन वर्षों के प्रस्तावित कार्य हेतु) | परिस्थापना योजना के किराये पर अनुदान प्रति उद्यमी केन्द्र (रू0 12000/– केवल प्रथम वर्ष हेतु) | निवेशों पर निर्गत किए जाने वाले लाइसेन्स शुल्क की प्रतिपूर्ति (बीज, उर्वरक एवं कीटनाशी रसायन) | | | | | | | | | अनुदान (धनराशि मद 27 सम्मिलित) हेतु कुल धनराशि | वित्तीय व्यय (धनराशि मद 42–अन्य व्यय) हेतु कुल धनराशि | महायोग |
| | | | | | | बीज (रू0 1000/– प्रति केन्द्र) | उर्वरक (रू0 1250/– प्रति केन्द्र एवं बुन्देलखण्ड हेतु रू0 625/– प्रति केन्द्र) | | कीटनाशी (शहरी क्षेत्र हेतु रू0 7500/– एवं ग्रामीण क्षेत्र हेतु 1500/– प्रति केन्द्र) | | | | योग | | | |
| | | | | | | | सामान्य क्षेत्र हेतु (रू0 1250/– प्रति केन्द्र) | बुन्देलखण्ड क्षेत्र हेतु (रू0 625/– प्रति केन्द्र | शहरी क्षेत्र के केन्द्रों की संख्या | ग्रामीण क्षेत्र के केन्द्रों की संख्या | शहरी क्षेत्र हेतु (रू0 7500/– प्रति केन्द्र) | ग्रामीण क्षेत्र हेतु (रूपये 1500/– प्रति केन्द्र) | | | | |
| 1 | उ0कृ0नि0, आगरा | 15 | 42 | 25.20 | 5.04 | 0.42 | 0.53 | 0.00 | 12.00 | 30.00 | 0.90 | 0.45 | 2.30 | 32.54 | 3.44 | 35.98 |
| 2 | उ0कृ0नि0, फिरोजाबाद | 9 | 26 | 15.60 | 3.12 | 0.26 | 0.33 | 0.00 | 6.00 | 20.00 | 0.45 | 0.30 | 1.34 | 20.06 | 2.13 | 22.19 |
| 3 | उ0कृ0नि0, मैनपुरी | 9 | 26 | 15.60 | 3.12 | 0.26 | 0.33 | 0.00 | 6.00 | 20.00 | 0.45 | 0.30 | 1.34 | 20.06 | 2.13 | 22.19 |
| 4 | उ0कृ0नि0, मथुरा | 10 | 28 | 16.80 | 3.36 | 0.28 | 0.35 | 0.00 | 8.00 | 20.00 | 0.60 | 0.30 | 1.53 | 21.69 | 2.30 | 25.99 |
| | *आगरा मण्डल का योग* | **43** | **122** | **73.20** | **14.64** | **1.22** | **1.53** | **0.00** | **32.00** | **90.00** | **2.40** | **1.35** | **6.50** | **94.34** | **10 00** | **104.34** |
| 5 | उ0कृ0नि0, अलीगढ | 12 | 32 | 19.20 | 3.84 | 0.32 | 0.40 | 0.00 | 8.00 | 24.00 | 0.60 | 0.36 | 1.68 | 24.72 | 2.62 | 27.34 |
| 6 | उ0कृ0नि0, एटा | 8 | 22 | 13.20 | 2.64 | 0.22 | 0.28 | 0.00 | 7.00 | 15.00 | 0.53 | 0.23 | 1.25 | 17.09 | 1.80 | 18.89 |
| 7 | उ0कृ0नि0, हाथरस | 7 | 18 | 10.80 | 2.16 | 0.18 | 0.23 | 0.00 | 4.00 | 14.00 | 0.30 | 0.21 | 0.92 | 13.88 | 1.48 | 15.35 |
| 8 | उ0कृ0नि0, कासगंज | 7 | 18 | 10.80 | 2.16 | 0.18 | 0.23 | 0.00 | 4.00 | 14.00 | 0.30 | 0.21 | 0.92 | 13.88 | 1.48 | 15.35 |
| | *अलीगढ मण्डल का योग* | **34** | **90** | **54.00** | **10.80** | **0.90** | **1.13** | **0.00** | **23.00** | **67.00** | **1.73** | **1.01** | **4.76** | **69.56** | **7.38** | **76.94** |
| 9 | उ0कृ0नि0, प्रयागराज | 23 | 64 | 38.40 | 7.68 | 0.64 | 0.80 | 0.00 | 21.00 | 43.00 | 1.58 | 0.65 | 3.66 | 49.74 | 5.25 | 54.99 |
| 10 | उ0कृ0नि0, फतेहपुर | 13 | 36 | 21.60 | 4.32 | 0.36 | 0.45 | 0.00 | 9.00 | 27.00 | 0.68 | 0.41 | 1.89 | 27.81 | 2.95 | 30.76 |
| 11 | उ0कृ0नि0, प्रतापगढ | 17 | 48 | 28.80 | 5.76 | 0.48 | 0.60 | 0.00 | 13.00 | 35.00 | 0.98 | 0.53 | 2.58 | 37.14 | 3.94 | 41.08 |
| 12 | उ0कृ0नि0, कौशाम्बी | 8 | 22 | 13.20 | 2.64 | 0.22 | 0.28 | 0.00 | 6.00 | 16.00 | 0.45 | 0.24 | 1.19 | 17.03 | 1 80 | 18.83 |
| | *प्रयागराज मण्डल का योग* | **61** | **170** | **102.00** | **20.40** | **1.70** | **2.13** | **0.00** | **49.00** | **121.00** | **3.68** | **1.82** | **9.32** | **131.72** | **13.94** | **145.66** |
| 13 | उ0कृ0नि0, आजमगढ | 22 | 62 | 37.20 | 7.44 | 0.62 | 0.78 | 0.00 | 14.00 | 48.00 | 1.05 | 0.72 | 3.17 | 47.81 | 5 08 | 52.89 |
| 14 | उ0कृ0नि0, मऊ | 9 | 26 | 15.60 | 3.12 | 0.26 | 0.33 | 0.00 | 6.00 | 20.00 | 0.45 | 0.30 | 1.34 | 20.06 | 2 .3 | 22.19 |
| 15 | उ0कृ0नि0, बलिया | 17 | 46 | 27.60 | 5.52 | 0.46 | 0.58 | 0.00 | 14.00 | 32.00 | 1.05 | 0.48 | 2.57 | 35.69 | 3 77 | 39.46 |
| | *आजमगढ मण्डल का योग* | **48** | **134** | **80.40** | **16.08** | **1.34** | **1.68** | **0.00** | **34.00** | **100.00** | **2.55** | **1.50** | **7.07** | **103.55** | **10.99** | **114.53** |
| 16 | उ0कृ0नि0, बदायूँ | 15 | 42 | 25.20 | 5.04 | 0.42 | 0.53 | 0.00 | 11.00 | 31.00 | 0.83 | 0.47 | 2.24 | 32.48 | 3.44 | 35.92 |
| 17 | उ0कृ0नि0, बरेली | 15 | 42 | 25.20 | 5.04 | 0.42 | 0.53 | 0.00 | 11.00 | 31.00 | 0.83 | 0.47 | 2.24 | 32.48 | 3.44 | 35.92 |
| 18 | उ0कृ0नि0, पीलीभीत | 7 | 20 | 12.00 | 2.40 | 0.20 | 0.25 | 0.00 | 5.00 | 15.00 | 0.38 | 0.23 | 1.05 | 15.45 | 1.64 | 17.09 |
| 19 | उ0कृ0नि0, शाहजहाँपुर | 15 | 40 | 24.00 | 4.80 | 0.40 | 0.50 | 0.00 | 10.00 | 30.00 | 0.75 | 0.45 | 2.10 | 30.90 | 3.28 | 34.18 |
| | *बरेली मण्डल का योग* | **52** | **144** | **86.40** | **17.28** | **1.44** | **1.80** | **0.00** | **37.00** | **107.00** | **2.78** | **1.61** | **7.62** | **111.30** | **11.81** | **123.11** |

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | जनपदवार कुल विकास खण्डों की संख्या | जनपदवार चयनित विकास खण्डों में उद्यमिता केन्द्रों की स्थापना हेतु वर्ष 2023–24 के भौतिक लक्ष्य | जनपदवार उद्यमिता केन्द्रों की स्थापना हेतु भौतिक (इकाई)/वित्तीय लक्ष्य (धनराशि लाख रू0 में) | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | ऋण पर अनुदान प्रति केन्द्र (अधिकतम ऋण अनुदान की धनराशि (रू0 60000/– तीन वर्षों के प्रस्तावित कार्य हेतु) | परिस्थापना केन्द्र के किराये पर अनुदान प्रति उद्यमी केन्द्र (रू0 12000/– केवल प्रथम वर्ष हेतु) | निवेशों पर निर्गत किए जाने वाले लाइसेन्स शुल्क की प्रतिपूर्ति (बीज, उर्वरक एवं कीटनाशी रसायन) | | | | | | | | | अनुदान (धनराशि मद 27 सम्मिलित) हेतु कुल धनराशि | वित्तीय व्यय (धनराशि मद 42–अन्य व्यय) हेतु कुल धनराशि | महायोग |
| | | | | | | बीज (रू0 1000/– प्रति केन्द्र) | उर्वरक (रू0 1250/– प्रति केन्द्र एवं बुन्देलखण्ड हेतु रू0 625/– प्रति केन्द्र) | | कीटनाशी (शहरी क्षेत्र हेतु रू0 7500/– एवं ग्रामीण क्षेत्र हेतु 1500/– प्रति केन्द्र) | | | | योग | | | |
| | | | | | | | सामान्य क्षेत्र हेतु (रू0 1250/– प्रति केन्द्र) | बुन्देलखण्ड क्षेत्र हेतु (रू0 625/– प्रति केन्द्र | शहरी क्षेत्र के केन्द्रों की संख्या | ग्रामीण क्षेत्र के केन्द्रों की संख्या | शहरी क्षेत्र हेतु (रू0 7500/– प्रति केन्द्र) | ग्रामीण क्षेत्र हेतु (रूपये 1500/– प्रति केन्द्र) | | | | |
| 20 | उ0कृ0नि0, बस्ती | 14 | 30 | 18.00 | 3.60 | 0.30 | 0.38 | 0.00 | 10.00 | 20.00 | 0.75 | 0.30 | 1.73 | 23.33 | 2.46 | 25.79 |
| 21 | उ0कृ0नि0, संतकबीर नगर | 9 | 20 | 12.00 | 2.40 | 0.20 | 0.25 | 0.00 | 6.00 | 14.00 | 0.45 | 0.21 | 1.11 | 15.51 | 1.64 | 17.15 |
| 22 | उ0कृ0नि0, सिद्धार्थ नगर | 14 | 30 | 18.00 | 3.60 | 0.30 | 0.38 | 0.00 | 10.00 | 20.00 | 0.75 | 0.30 | 1.73 | 23.33 | 2.46 | 25.79 |
| | *बस्ती मण्डल का योग* | **37** | **80** | **48.00** | **9.60** | **0.80** | **1.00** | **0.00** | **26.00** | **54.00** | **1.95** | **0.81** | **4.56** | **62.16** | **6.56** | **68.72** |
| 23 | उ0कृ0नि0, बाँदा | 8 | 24 | 14.40 | 2.88 | 0.24 | 0.00 | 0.15 | 8.00 | 16.00 | 0.60 | 0.24 | 1.23 | 18.51 | 1.97 | 20.48 |
| 24 | उ0कृ0नि0, चित्रकूटधाम | 5 | 16 | 9.60 | 1.92 | 0.16 | 0.00 | 0.10 | 6.00 | 10.00 | 0.45 | 0.15 | 0.85 | 12.38 | 1.31 | 13.69 |
| 25 | उ0कृ0नि0, हमीरपुर | 7 | 22 | 13.20 | 2.64 | 0.22 | 0.00 | 0.14 | 6.00 | 16.00 | 0.45 | 0.24 | 1.05 | 16.89 | 1 80 | 18.69 |
| 26 | उ0कृ0नि0, महोबा | 4 | 12 | 7.20 | 1.44 | 0.12 | 0.00 | 0.08 | 4.00 | 8.00 | 0.30 | 0.12 | 0.62 | 9.26 | 0.98 | 10.24 |
| | *बाँदा मण्डल का योग* | **24** | **74** | **44.40** | **8.88** | **0.74** | **0.00** | **0.46** | **24.00** | **50.00** | **1.80** | **0.75** | **3.75** | **57.03** | **6.07** | **63.10** |
| 27 | उ0कृ0नि0, बहराइच | 14 | 42 | 25.20 | 5.04 | 0.42 | 0.53 | 0.00 | 12.00 | 30.00 | 0.90 | 0.45 | 2.30 | 32.54 | 3.44 | 35.98 |
| 28 | उ0कृ0नि0, बलरामपुर | 9 | 26 | 15.60 | 3.12 | 0.26 | 0.33 | 0.00 | 8.00 | 18.00 | 0.60 | 0.27 | 1.46 | 20.18 | 2.13 | 22.31 |
| 29 | उ0कृ0नि0, गोण्डा | 16 | 48 | 28.80 | 5.76 | 0.48 | 0.60 | 0.00 | 13.00 | 35.00 | 0.98 | 0.53 | 2.58 | 37.14 | 3.94 | 41.08 |
| 30 | उ0कृ0नि0, श्रावस्ती | 5 | 16 | 9.60 | 1.92 | 0.16 | 0.20 | 0.00 | 6.00 | 10.00 | 0.45 | 0.15 | 0.96 | 12.48 | 1.31 | 13.79 |
| | *देवीपाटन मण्डल का योग* | **44** | **132** | **79.20** | **15.84** | **1.32** | **1.65** | **0.00** | **39.00** | **93.00** | **2.93** | **1.40** | **7.29** | **102.33** | **10.82** | **113.15** |
| 31 | उ0कृ0नि0, अम्बेडकर नगर | 9 | 26 | 15.60 | 3.12 | 0.26 | 0.33 | 0.00 | 6.00 | 20.00 | 0.45 | 0.30 | 1.54 | 20.06 | 2.13 | 22.19 |
| 32 | उ0कृ0नि0, बाराबंकी | 15 | 42 | 25.20 | 5.04 | 0.42 | 0.53 | 0.00 | 12.00 | 30.00 | 0.90 | 0.45 | 2.30 | 32.54 | 3.44 | 35.98 |
| 33 | उ0कृ0नि0, अयोध्या | 11 | 30 | 18.00 | 3.60 | 0.30 | 0.38 | 0.00 | 6.00 | 24.00 | 0.45 | 0.36 | 1.49 | 23.09 | 2.46 | 25.55 |
| 34 | उ0कृ0नि0, अमेठी | 13 | 36 | 21.60 | 4.32 | 0.36 | 0.45 | 0.00 | 8.00 | 28.00 | 0.60 | 0.42 | 1.83 | 27.75 | 2.95 | 30.70 |
| 35 | उ0कृ0नि0, सुल्तानपुर | 14 | 40 | 24.00 | 4.80 | 0.40 | 0.50 | 0.00 | 8.00 | 32.00 | 0.60 | 0.48 | 1.98 | 30.78 | 3.28 | 34.06 |
| | *अयोध्या मण्डल का योग* | **62** | **174** | **104.40** | **20.88** | **1.74** | **2.18** | **0.00** | **40.00** | **134.00** | **3.00** | **2.01** | **8.93** | **134.21** | **14.27** | **148.47** |
| 36 | उ0कृ0नि0, देवरिया | 16 | 44 | 26.40 | 5.28 | 0.44 | 0.55 | 0.00 | 9.00 | 35.00 | 0.68 | 0.53 | 2.19 | 33.87 | 3.61 | 37.48 |
| 37 | उ0कृ0नि0, गोरखपुर | 20 | 56 | 33.60 | 6.72 | 0.56 | 0.70 | 0.00 | 14.00 | 42.00 | 1.05 | 0.63 | 2.94 | 43.26 | 4 59 | 47.85 |
| 38 | उ0कृ0नि0, कुशीनगर | 14 | 38 | 22.80 | 4.56 | 0.38 | 0.48 | 0.00 | 8.00 | 30.00 | 0.60 | 0.45 | 1.91 | 29.27 | 3 12 | 32.38 |
| 39 | उ0कृ0नि0, महराजगंज | 12 | 34 | 20.40 | 4.08 | 0.34 | 0.43 | 0.00 | 6.00 | 28.00 | 0.45 | 0.42 | 1.64 | 26.12 | 2 79 | 28.90 |
| | *गोरखपुर मण्डल का योग* | **62** | **172** | **103.20** | **20.64** | **1.72** | **2.15** | **0.00** | **37.00** | **135.00** | **2.78** | **2.03** | **8.67** | **132.51** | **14.10** | **146.61** |
| 40 | उ0कृ0नि0, जालौन | 9 | 28 | 16.80 | 3.36 | 0.28 | 0.00 | 0.18 | 7.00 | 21.00 | 0.53 | 0.32 | 1.50 | 21.46 | 2.30 | 23.75 |
| 41 | उ0कृ0नि0, झाँसी | 8 | 22 | 13.20 | 2.64 | 0.22 | 0.00 | 0.14 | 4.00 | 18.00 | 0.30 | 0.27 | 0.93 | 16.77 | 1 80 | 18.57 |
| 42 | उ0कृ0नि0, ललितपुर | 6 | 18 | 10.80 | 2.16 | 0.18 | 0.00 | 0.11 | 3.00 | 15.00 | 0.23 | 0.23 | 0.74 | 13.70 | 1 48 | 15.18 |
| | *झाँसी मण्डल का योग* | **23** | **68** | **40.80** | **8.16** | **0.68** | **0.00** | **0.43** | **14.00** | **54.00** | **1.05** | **0.81** | **2.97** | **51.93** | **5.58** | **57.50** |

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | जनपदवार कुल विकास खण्डों की संख्या | जनपदवार चयनित विकास खण्डों में उद्यमिता केन्द्रों की स्थापना हेतु वर्ष 2023–24 के भौतिक लक्ष्य | जनपदवार उद्यमिता केन्द्रों की स्थापना हेतु भौतिक (इकाई)/वित्तीय लक्ष्य (धनराशि लाख रू0 में) | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | ऋण पर अनुदान प्रति केन्द्र (अग्रिम स्थान अनुदान की धनराशि (रू0 60000/– तीन वर्षों के प्रस्तावित कार्य हेतु) | प्रतिस्थापना केन्द्र के सिलाई पर अनुदान प्रति उद्यमी केन्द्र (रू0 12000/– केवल प्रथम वर्ष हेतु) | निवेशों पर निर्गत किए जाने वाले लाइसेन्स शुल्क की प्रतिपूर्ति (बीज, उर्वरक एवं कीटनाशी रसायन) | | | | | | | अनुदान (धनांक मद 27 सब्सिडी) हेतु कुल धनराशि | विविध व्यय (धनांक मद 42–अन्य व्यय) हेतु कुल धनराशि | महायोग |
| | | | | | | बीज (रू0 1000/– प्रति क्विंटल) | उर्वरक (रू0 1250/– प्रति केन्द्र एवं बुन्देलखण्ड हेतु रू0 625/– प्रति केन्द्र) | | कीटनाशी (शहरी क्षेत्र हेतु रू0 7500/– एवं ग्रामीण क्षेत्र हेतु 1500/– प्रति केन्द्र) | | | | | | |
| | | | | | | | सामान्य क्षेत्र हेतु (रू0 1250/– प्रति केन्द्र) | बुन्देलखण्ड क्षेत्र हेतु (रू0 625/– प्रति केन्द्र | शहरी क्षेत्र के केन्द्रों की संख्या | ग्रामीण क्षेत्र के केन्द्रों की संख्या | शहरी क्षेत्र हेतु (रू0 7500/– प्रति केन्द्र) | ग्रामीण क्षेत्र हेतु (रूपये 1500/– प्रति केन्द्र) | योग | | | |
| 43 | उ0कृ0नि0, औरैहया | 7 | 20 | 12.00 | 2.40 | 0.20 | 0.25 | 0.00 | 5.00 | 15.00 | 0.38 | 0.23 | 1.05 | 15.45 | 1.64 | 17.09 |
| 44 | उ0कृ0नि0, इटावा | 8 | 22 | 13.20 | 2.64 | 0.22 | 0.28 | 0.00 | 7.00 | 15.00 | 0.53 | 0.23 | 1.25 | 17.09 | 1.80 | 18.89 |
| 45 | उ0कृ0नि0, फर्रूखाबाद | 7 | 20 | 12.00 | 2.40 | 0.20 | 0.25 | 0.00 | 4.00 | 16.00 | 0.30 | 0.24 | 0.99 | 15.39 | 1.64 | 17.03 |
| 46 | उ0कृ0नि0, कन्नौज | 8 | 22 | 13.20 | 2.64 | 0.22 | 0.28 | 0.00 | 6.00 | 16.00 | 0.45 | 0.24 | 1.19 | 17.03 | 1.80 | 18.83 |
| 47 | उ0कृ0नि0, कानपुर देहात | 10 | 28 | 16.80 | 3.36 | 0.28 | 0.35 | 0.00 | 8.00 | 20.00 | 0.60 | 0.30 | 1.53 | 21.69 | 2.30 | 23.99 |
| 48 | उ0कृ0नि0, कानपुर नगर | 10 | 28 | 16.80 | 3.36 | 0.28 | 0.35 | 0.00 | 8.00 | 20.00 | 0.60 | 0.30 | 1.53 | 21.69 | 2.30 | 23.99 |
| | ***कानपुर मण्डल का योग*** | **50** | **140** | **84.00** | **16.80** | **1.40** | **1.75** | **0.00** | **38.00** | **102.00** | **2.85** | **1.53** | **7.53** | **108.33** | **11.48** | **119.81** |
| 49 | उ0कृ0नि0, हरदोई | 19 | 52 | 31.20 | 6.24 | 0.52 | 0.65 | 0.00 | 10.00 | 42.00 | 0.75 | 0.63 | 2.55 | 39.99 | 4.26 | 44.25 |
| 50 | उ0कृ0नि0, लखीमपुर खीरी | 15 | 42 | 25.20 | 5.04 | 0.42 | 0.53 | 0.00 | 10.00 | 32.00 | 0.75 | 0.48 | 2.18 | 32.42 | 3.44 | 35.86 |
| 51 | उ0कृ0नि0, लखनऊ | 8 | 22 | 13.20 | 2.64 | 0.22 | 0.28 | 0.00 | 4.00 | 18.00 | 0.30 | 0.27 | 1.07 | 16.91 | 1.80 | 18.71 |
| 52 | उ0कृ0नि0, रायबरेली | 18 | 50 | 30.00 | 6.00 | 0.50 | 0.63 | 0.00 | 10.00 | 40.00 | 0.75 | 0.60 | 2.48 | 38.48 | 4.10 | 42.58 |
| 53 | उ0कृ0नि0, सीतापुर | 19 | 56 | 33.60 | 6.72 | 0.56 | 0.70 | 0.00 | 11.00 | 45.00 | 0.83 | 0.68 | 2.76 | 43.08 | 4.59 | 47.67 |
| 54 | उ0कृ0नि0, उन्नाव | 16 | 46 | 27.60 | 5.52 | 0.46 | 0.58 | 0.00 | 11.00 | 35.00 | 0.83 | 0.53 | 2.39 | 35.51 | 3.77 | 39.28 |
| | ***लखनऊ मण्डल का योग*** | **95** | **268** | **160.80** | **32.16** | **2.68** | **3.35** | **0.00** | **56.00** | **212.00** | **4.20** | **3.18** | **13.41** | **206.37** | **21.98** | **228.35** |
| 55 | उ0कृ0नि0, बागपत | 6 | 16 | 9.60 | 1.92 | 0.16 | 0.20 | 0.00 | 4.00 | 12.00 | 0.30 | 0.18 | 0.84 | 12.36 | 1.31 | 13.67 |
| 56 | उ0कृ0नि0, बुलन्दशहर | 16 | 44 | 26.40 | 5.28 | 0.44 | 0.55 | 0.00 | 8.00 | 36.00 | 0.60 | 0.54 | 2.13 | 33.81 | 3.61 | 37.42 |
| 57 | उ0कृ0नि0, गौतमबुद्ध नगर | 3 | 8 | 4.80 | 0.96 | 0.08 | 0.10 | 0.00 | 2.00 | 6.00 | 0.15 | 0.09 | 0.42 | 6.18 | 0.66 | 6.84 |
| 58 | उ0कृ0नि0, गाजियाबाद | 4 | 8 | 4.80 | 0.96 | 0.08 | 0.10 | 0.00 | 2.00 | 6.00 | 0.15 | 0.09 | 0.42 | 6.18 | 0.66 | 6.84 |
| 59 | उ0कृ0नि0, हापुड़ | 4 | 10 | 6.00 | 1.20 | 0.10 | 0.13 | 0.00 | 2.00 | 8.00 | 0.15 | 0.12 | 0.50 | 7.70 | 0.82 | 8.52 |
| 60 | उ0कृ0नि0, मेरठ | 12 | 34 | 20.40 | 4.08 | 0.34 | 0.43 | 0.00 | 8.00 | 26.00 | 0.60 | 0.39 | 1.76 | 26.24 | 2.79 | 29.02 |
| | ***मेरठ मण्डल का योग*** | **45** | **120** | **72.00** | **14.40** | **1.20** | **1.50** | **0.00** | **26.00** | **94.00** | **1.95** | **1.41** | **6.06** | **92.46** | **9.84** | **102.30** |
| 61 | उ0कृ0नि0, मिर्जापुर | 12 | 34 | 20.40 | 4.08 | 0.34 | 0.43 | 0.00 | 9.00 | 25.00 | 0.68 | 0.38 | 1.82 | 26.30 | 2.79 | 29.08 |
| 62 | उ0कृ0नि0, संतरविदास नगर | 6 | 18 | 10.80 | 2.16 | 0.18 | 0.23 | 0.00 | 4.00 | 14.00 | 0.30 | 0.21 | 0.92 | 13.88 | 1.48 | 15.35 |
| 63 | उ0कृ0नि0, सोनभद्र | 10 | 28 | 16.80 | 3.36 | 0.28 | 0.35 | 0.00 | 7.00 | 21.00 | 0.53 | 0.32 | 1.42 | 21.63 | 2.30 | 23.93 |
| | ***मिर्जापुर मण्डल का योग*** | **28** | **80** | **48.00** | **9.60** | **0.80** | **1.00** | **0.00** | **20.00** | **60.00** | **1.50** | **0.90** | **4.20** | **61.80** | **6.56** | **68.36** |

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | जनपदवार कुल विकास खण्डों की संख्या | जनपदवार चयनित विकास खण्डों में उद्यमिता केन्द्रों की स्थापना हेतु वर्ष 2023–24 के भौतिक लक्ष्य | जनपदवार उद्यमिता केन्द्रों की स्थापना हेतु भौतिक (इकाई)/वित्तीय लक्ष्य (धनराशि लाख रू0 में) | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | ऋण पर अनुदान प्रति केन्द्र (अग्रिम ऋण अनुदान की धनराशि (रू0 60000/– तीन वर्षों के प्रस्तावित कार्य हेतु) | प्रतिस्थापना केन्द्र के सिलाई पर अनुदान प्रति उद्यमी केन्द्र (रू0 12000/– केवल प्रथम वर्ष हेतु) | निवेशों पर निर्गत किए जाने वाले लाइसेन्स शुल्क की प्रतिपूर्ति (बीज, उर्वरक एवं कीटनाशी रसायन) | | | | | | | अनुदान (धनांक मद 27 सब्सिडी) हेतु कुल धनराशि | विविध व्यय (धनांक मद 42–अन्य व्यय) हेतु कुल धनराशि | महायोग |
| | | | | | | बीज (रू0 1000/– प्रति क्विंटल) | उर्वरक (रू0 1250/– प्रति केन्द्र एवं बुन्देलखण्ड हेतु रू0 625/– प्रति केन्द्र) | | कीटनाशी (शहरी क्षेत्र हेतु रू0 7500/– एवं ग्रामीण क्षेत्र हेतु 1500/– प्रति केन्द्र) | | | | | | |
| | | | | | | | सामान्य क्षेत्र हेतु (रू0 1250/– प्रति केन्द्र) | बुन्देलखण्ड क्षेत्र हेतु (रू0 625/– प्रति केन्द्र | शहरी क्षेत्र के केन्द्रों की संख्या | ग्रामीण क्षेत्र के केन्द्रों की संख्या | शहरी क्षेत्र हेतु (रू0 7500/– प्रति केन्द्र) | ग्रामीण क्षेत्र हेतु (रूपये 1500/– प्रति केन्द्र) | योग | | | |
| 64 | उ0कृ0नि0, बिजनौर | 11 | 34 | 20.40 | 4.08 | 0.34 | 0.43 | 0.00 | 14.00 | 20.00 | 1.05 | 0.30 | 2.12 | 26.60 | 2.79 | 29.38 |
| 65 | उ0कृ0नि0, ज्योतिबाफूले नगर | 6 | 18 | 10.80 | 2.16 | 0.18 | 0.23 | 0.00 | 6.00 | 12.00 | 0.45 | 0.18 | 1.04 | 14.00 | 1.48 | 15.47 |
| 66 | उ0कृ0नि0, मुरादाबाद | 8 | 24 | 14.40 | 2.88 | 0.24 | 0.30 | 0.00 | 7.00 | 17.00 | 0.53 | 0.26 | 1.32 | 18.60 | 1.97 | 20.57 |
| 67 | उ0कृ0नि0, सम्भल | 8 | 24 | 14.40 | 2.88 | 0.24 | 0.30 | 0.00 | 7.00 | 17.00 | 0.53 | 0.26 | 1.32 | 18.60 | 1.97 | 20.57 |
| 68 | उ0कृ0नि0, रामपुर | 6 | 18 | 10.80 | 2.16 | 0.18 | 0.23 | 0.00 | 4.00 | 14.00 | 0.30 | 0.21 | 0.92 | 13.88 | 1.48 | 15.35 |
| | ***मुरादाबाद मण्डल का योग*** | **39** | **118** | **70.80** | **14.16** | **1.18** | **1.48** | **0.00** | **38.00** | **80.00** | **2.85** | **1.20** | **6.71** | **91.67** | **9.68** | **101.34** |
| 69 | उ0कृ0नि0, मुजफ्फर नगर | 9 | 25 | 15.00 | 3.00 | 0.25 | 0.31 | 0.00 | 6.00 | 19.00 | 0.45 | 0.29 | 1.30 | 19.30 | 2.05 | 21.35 |
| 70 | उ0कृ0नि0, सहारनपुर | 11 | 34 | 20.40 | 4.08 | 0.34 | 0.43 | 0.00 | 14.00 | 20.00 | 1.05 | 0.30 | 2.12 | 26.60 | 2.79 | 29.38 |
| 71 | उ0कृ0नि0, शामली | 5 | 18 | 10.80 | 2.16 | 0.18 | 0.23 | 0.00 | 3.00 | 15.00 | 0.23 | 0.23 | 0.86 | 13.82 | 1.48 | 15.29 |
| | ***सहारनपुर मण्डल का योग*** | **25** | **77** | **46.20** | **9.24** | **0.77** | **0.96** | **0.00** | **23.00** | **54.00** | **1.73** | **0.81** | **4.27** | **59.71** | **6.31** | **66.02** |
| 72 | उ0कृ0नि0, चन्दौली | 9 | 26 | 15.60 | 3.12 | 0.26 | 0.33 | 0.00 | 6.00 | 20.00 | 0.45 | 0.30 | 1.34 | 20.06 | 2.13 | 22.19 |
| 73 | उ0कृ0नि0, गाजीपुर | 16 | 44 | 26.40 | 5.28 | 0.44 | 0.55 | 0.00 | 14.00 | 30.00 | 1.05 | 0.45 | 2.49 | 34.17 | 3.61 | 37.78 |
| 74 | उ0कृ0नि0, जौनपुर | 21 | 58 | 34.80 | 6.96 | 0.58 | 0.73 | 0.00 | 16.00 | 42.00 | 1.20 | 0.63 | 3.14 | 44.90 | 4.76 | 49.65 |
| 75 | उ0कृ0नि0, वाराणसी | 8 | 20 | 12.00 | 2.40 | 0.20 | 0.25 | 0.00 | 4.00 | 16.00 | 0.30 | 0.24 | 0.99 | 15.39 | 1.64 | 17.03 |
| | ***वाराणसी मण्डल का योग*** | **54** | **148** | **88.80** | **17.76** | **1.48** | **1.85** | **0.00** | **40.00** | **108.00** | **3.00** | **1.62** | **7.95** | **114.51** | **12.14** | **126.65** |
| | **महायोग** | **826** | **2311** | **1386.60** | **277.32** | **23.11** | **27.11** | **0.89** | **596** | **1715** | **44.70** | **25.73** | **121.54** | **1785.46** | **189.50** | **1975.00** |

अपर कृषि निदेशक (प्रसार),
उत्तर प्रदेश।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

| क्र0 सं0 | प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलम्बन (एग्रीज्वेशन) योजना वर्ष 2022–23 के अवशेष भौतिक एवं वित्तीय दायित्व जिन्हें वर्ष 2023–24 में पूर्ण किया जाना है। | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | जनपद का नाम | भौतिक लक्ष्य | | | वर्ष 2022–23 के अवशेष दायित्व जिन्हें वर्ष 2023–24 में पूर्ण किया जाना है, का मदवार भौतिक एवं वित्तीय विवरण | | | | | | | | |
| | | वर्ष 2022–23 में एग्रीज्वेशन केन्द्रों की स्थापना का लक्ष्य | वर्ष 2022–23 की प्रगति (अन्तिम रूप से स्थापित एग्रीज्वेशन केन्द्र) | वित्तीय वर्ष 2022–23 के अवशेष लक्ष्य जिनकी वर्ष 2023–24 में पूर्ति किया जाना है। | प्रशिक्षण | | निबन्धन प्रमाण पत्र (बीज, उर्वरक एवं कीटनाशी) | | परिसर किराया | | बैंको द्वारा ऋण वितरण पर ब्याज अनुदान | | कुल वित्तीय लक्ष्य (धनराशि रू0 में) |
